तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 4 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 केबिनेट मंत्री ने शिवनन्दनपुर अम्बेडकर चौक समीप किया श्रम दान, हनुमान मंदिर प्रांगण की भी हुई सफाई



हरिभूमि की खबर का असर, जिपं सीईओ के निर्देश पर चार सदस्यीय टीम ने की जांच

क्षतिग्रस्त चेकडेम का फिर से कराना होगा निर्माण, अन्यथा होगी रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ अंतर्गत सिलफिली चेकडेम के 6 महीने में ही बह जाने की खबर का असर हुआ है। खबर प्रकाशन के बाद मामले में जिपं सीईओ के निर्देश पर जांच कराई गई और जांच में लापरवाही सामने आई है। जांच के बाद अब आने वाले समय में पंचायत को फिर से चेक डेम का निर्माण कराना होगा। चेक डेम का निर्माण नहीं कराने की स्थिति में ग्राम पंचायत से राशि की वसूली की जाएगी।

खबर का असर

बता दें कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलफिली स्थित फुलझर नाला पर निर्मित चेक डेम के महज छह महीने में ही क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया था। इस चेकडेम के निर्माण में लापरवाही और गुणवत्ताहीन निर्माण की बात सामने आई थी और चेकडेम के क्षति ग्रस्त होने की शिकायत भी स्थानीय लोगों दवारा की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा बनवाए गए चेक डेम के पहली बारिश भी नहीं झेल पाने को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद जिला पंचायत सीईओ बलरामपुर दवारा मामले में जांच के निर्देश दिए गए थे। जिपं सीईओ के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के एसडीओ दिनेश राम, लोनिवि के उप अभियंता सबल राम सोनवानी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी खंड शंकरगढ़ उमाकांत सिंह, उप अभियंता आरईएस जसकमल सिंह छाबड़ा द्वारा मामले की जांच की गई। जांच उपरान्त संयुक्त टीम ने अपना प्रतिवेदन पेश कर दिया है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि चेक डेम निर्माण के लिए शासन से वर्ष 2025-26 में स्वीकृति मिली थी। शासन दवारा चेकडेम निर्माण के लिए 16.80 लाख रूपए की राशि प्रदान की गई थी। स्वीकृति के बाद ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच सचिव द्वारा चेकडेम का निर्माण मनरेगा के तहत कराया गया था। इस दौरान जिला पंचायत के अधिकारियों ने 23 अप्रैल को चेकडेम का निरीक्षण भी किया था और कमियां सामने आने पर सुधार के निर्देश दिए थे।



पहली बारिश भी नहीं झेल पाया लाखों की लागत से बना चेकडेम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

एवटमेंट विंग वाल हुआ है क्षतिग्रस्त

जांच में सरपंच सचिव की ओर से अपने बयान में दावा किया गया कि उन्होंने दिए गये निर्देश के तहत सुधार कर मानक के अनुरूप निर्माण कराया। इस दौरान सामग्री और मजदूरी भुगतान मिलाकार कुल 13 लाख 18 हजार 872 रूपए खर्च किया गया। जांच के दौरान कहा गया कि बारिश अधिक होने के कारण चेकडेम का एवटमेंट विंग वाल मिट्टी के कटाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गया और अब पानी का स्तर कम होने और फसल कटने के बाद फिर से निर्माण कराने की बात कही जा रही है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिले कुसमी शंकरगढ़ क्षेत्र में तो नियमित रूप से अधिक बारिश होती है और मिट्टी कटाव की सम्भावना भी रहती है। ऐसे में सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर चेकडेम का निर्माण क्यों नहीं कराया गया।

की जाएगी कार्रवाई

चेकडेम निर्माण के मामले में जांच के लिए टीम का गठन किया गया था। जांच टीम का प्रतिवेदन आ गया है। मिट्टी कटाव को चेकडेम क्षतिग्रस्त होने का कारण बताया गया है। चेकडेम का फिर से निर्माण कराना होगा अन्यथा राशि की रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।

-आशुतोष चतुर्वेदी
सीईओ जिपं

हत्या के मामले में केंद्रीय जेल में बंद विचाराधीन बंदी की अस्पताल में मौत

अम्बिकापुर। केन्द्रीय जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्राम बिशुनपुर खुर्द गोरसीडबरा निवासी गोपी यादव आ. नान्हू यादव (62 वर्ष) 30 अक्टूबर 2025 की सुबह 8.30 बजे पत्नी के साथ किसी बात को लेकर लड़ाई कर रहा था। इसी दौरान बीच बचाव करने आई भाभी सोनमतिया के सिर पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना की जानकारी लगने पर सोनमतिया के पुत्र मुनेश्वर यादव आ. तीरथ यादव ने गंभीर रूप से घायल मां को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 109 के तहत अपराध दर्ज किया। बताया जा रहा है घटना के बाद कुछ दिन बाद घायल महिला की अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी को 31 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया तब से आरोपी केंद्रीय जेल में निरूद्ध था। इसी बीच विचाराधीन बंदी की तबीयत खराब होने पर जेल चिकित्सक की सलाह पर बंदी को 19 सितंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात विचाराधीन बंदी की मौत हो गई।

एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें
06 अक्टूबर 2026 (मंगलवार) को अंबिकापुर में



छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.एस. मोहंती
MD, DM (Cardiology)

स्थान:- लाइफ लाइन हॉस्पिटल गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक कॉलेज के पास, रिंग रोड, अंबिकापुर (छ.ग.)
दिनांक 06.10.2026 (मंगलवार), सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा
आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध
ESIC, CSEB, SECL से मान्यता प्राप्त
पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संम्पर्क करें:-
7354882583/9755534404



Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
9039855001/9039855002
www.smchospital.in
#Rajesh

MARK OF EXCELLENCE
मार्क हॉस्पिटल में बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से जुड़ी बीमारियों की सम्पूर्ण देखभाल

ब्रेन संबंधी रोग
• सिरदर्द एवं माइग्रेन • लकवा (स्ट्रोक) एवं ब्रेन हैमरेज • ब्रेन ट्यूमर • मिर्गी (एपिलेप्सी)
• पार्किंसन रोग • अल्जाइमर एवं याददाश्त की कमी • सिर की चोट या ट्रॉमा के लिए सर्जरी

नसों एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएँ
• नसों की कमजोरी • झनझनाहट एवं सुन्नपन • नस दबने की समस्या
• हाथ-पैरों में कंपन (Tremors) • चेहरे की नस का दर्द (ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया)

स्पाइन एवं कमर संबंधी समस्याएँ:
• कमर एवं गर्दन का दर्द • सायटिका (Sciatica) • स्पॉन्डिलाइटिस • स्पाईन सर्जरी
• डिस्क स्लिप • स्पाइनल कॉर्ड की बीमारियाँ • ब्रेन एवं स्पाइन की चोटों का उपचार

आधुनिक सुविधाएँ:
• अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोसर्जन • सटीक जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श
• पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर • मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों के रोगों की सम्पूर्ण देखभाल • EEG • EMG • NCV जाँच की सुविधा

ESI इंश्योरेंस द्वारा इलाज सम्भव
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No:
07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS



राधेश्याम राठिया, सांसद, रायगढ़
केराबाई मनहर, पूर्व विधायक सारंगढ़
संजय भूषण पाण्डेय, अध्यक्ष जिला पंचायत सारंगढ़
ज्योति पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा सारंगढ़
कमलेश अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया
जगन्नाथ पाणिग्राही, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ अभिलाषा कैलाश नायक, जिला पंचायत सदस्य
विनोद भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य सारंगढ़
ताराचंद देवांगन, जिलाध्यक्ष कांग्रेस
श्रीमती ममता राजीव सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़
सोनी अजय बंजारे, अध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़
पदमा घनश्याम मनहर, पूर्व विधायक सारंगढ़
कविता प्राण लहरे, विधायक बिलाईगढ़
श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, विधायक सारंगढ़

हरिभूमि & inh 24x7 बदलते भारत की आवाज़
Presents

जिला संवाद 2026
सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्रीमती पद्मिनी भोई साहू
कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्री सुनील शर्मा जी
पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़-बिलाईगढ़



रतन शर्मा
जिलाध्यक्ष कैट
सारंगढ़-बिलाईगढ़



डॉ. आनंद प्रधान
प्रधान हॉस्पिटल दानसरा
सारंगढ़



मुकेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
राइस मिल एसोसिएशन
सारंगढ़-बिलाईगढ़



संगीत सिंह ठाकुर
जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स इंड्रस्टीज सारंगढ़-बिलाईगढ़



सतीश यादव
अध्यक्ष सेवा भारती एवं समाजसेवी

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में
कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर



मान. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़

जिला संवाद 2026 सारंगढ़-बिलाईगढ़

डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच

जिला संवाद 2026 सारंगढ़-बिलाईगढ़

मान. गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन

दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे
कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।

MP: TATA PLAY 1155 | airtel digital TV 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | DC MAHAL 367 | SITI CHANNELS 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh 24x7 | जनता TV
CG: TATA PLAY 1155 | airtel digital TV 366 | hathway 222 | DG 367 | PAYMENT 347 | Grand NEWS 345 | SITI CHANNELS 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | SKY 478 | NEXT DIGITAL 812
एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

खबर संक्षेप



सीबीएसई नेशनल में ओपीएस के दो छात्र करेंगे पूर्वी भारत का प्रतिनिधित्व

अम्बिकापुर। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं के छात्र मो.हसनैन फिरदौसी पिता मो.इरफान फिरदौसी एवं अचिंत्य राजवाड़े पिता-मणिलाल राजवाड़े का चयन सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक हरियाणा के आरबीएसएम पब्लिक स्कूल भोंडसी में होगी। बालकों के अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग में मो.हसनैन 70-75 किलो भार वर्ग एवं अचिंत्य 57-60 किलो में खलेंगे। ज्ञात हो कि मो.हसनैन एवं अचिंत्य ने दिनांक 20/07/2026 से 24/07/2026 तक उड़ीसा के ज्ञप्पज इंटरनेशनल स्कूल, भुवनेश्वर में आयोजित सीबीएसई फॉर ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया था जिसमें छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असम एवं वेस्ट बंगाल के सीबीएसई विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया था जबकि पांच स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक एवं पांच कास्य पदक प्राप्त कर ओपीएस ओवर ऑल स्कूल चैम्पियन बना। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थापक डॉ.आईए खान सूरी ने शुभकामनाएं दी है।

पार्वती महाविद्यालय में निकाली गई नशामुक्ति रैली



अम्बिकापुर। पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय में शनिवार को बीएड प्रशिक्षार्थियों ने नशामुक्ति रैली निकाला। रैली में महाविद्यालय से मदनपुर तक भ्रमण कर और लोगों को नशे से होने वाले बीमारियों के प्रति जागरूक किया तथा अपने आसपास के लोगों को नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षार्थियों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर गंदगी से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। रैली उपरांत महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई तथा पौधे लगाये गये। सभी ने नशामुक्ति की शपथ ली। इस दौरान अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, प्राचार्य डॉ.छवि रानी मंडल, प्रीति सोनी, उमेंद्र कुमार रवि, संतोष कुमार रानाडे, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती सुनिता राज, सुश्री निशा सरकार एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

मालवीय मिशन ने गांधी जयंती पर की विचार गोष्ठी



अम्बिकापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महामना मालवीय मिशन द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर विचार-गोष्ठी की। कार्यक्रम में हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रासंगिकता को आज भी पूरा विश्व स्वीकार करता है। उन्होंने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाया तथा इन्हीं मूल्यों के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा। गांधी जी की परिकल्पना ऐसे भारत की थी जिसमें शासन और समाज लोक कल्याण, नैतिकता तथा न्याय के मूल्यों पर आधारित हों। डॉ.बीके सिंह ने कहा कि शास्त्री जी जैसे ईमानदार और सादगीपूर्ण राजनेता का जीवन आज भी प्रेरणादायी है। शास्त्री जी का जीवन संघर्ष, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की अनेक प्रेरक घटनाओं से भरा है। हरिशंकर सिंह ने कहा कि महापुरूषों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए। उनके जीवन और विचारों से नई पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती रहे, इसके लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। रणविजय सिंह तोमर ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलकर ही समाज में समरसता और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत किया जा सकता है। जय प्रकाश चौबे ने कहा कि महापुरूषों की दिनचर्या ही उनकी साधना और पूजा थी। इस दौरान अशोक सोनकर, प्रकाश कश्यप एवं राज नारायण द्विवेदी ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

जगह-जगह चलाया गया स्वच्छता अभियान

केबिनेट मंत्री ने शिवनन्दनपुर अम्बेडकर चौक समीप किया श्रम दान, हनुमान मंदिर प्रांगण की भी हुई सफाई



श्रमदान करती मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत शनिवार को नगर पंचायत शिवनंदनपुर में जनभागीदारी से स्वच्छता अ भि या न आयोजित किया गया,महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अंबेडकर चौक के समीप स्थित हनुमान मंदिर परिसर में झाड़ लगा खरपतवार हटाकर श्रमदान किया। उन्होंने स्वच्छता दीदियों, स्थानीय महिलाओं और नागरिकों के साथ सफाई में भाग लेकर सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

खास बात

- लोगों को किया गया जागरूक

गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और नागरिकों ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की,उन्होंने शिवनंदनपुर के इस स्थल को पार्क के रूप में विकसित करने की मंशा जताई। इससे स्थानीय नागरिकों को हरियाली के बीच एक व्यवस्थित सार्वजनिक स्थान उपलब्ध हो सकेगा और नगर की सुंदरता भी बढ़ेगी।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले, सुरजपुर जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह, शिवनंदनपुर नपं अध्यक्ष रितेश जायसवाल,दीपेंद्र चौहान,पुष्पेंद्र सिंह,अशोक गुप्ता,कृष्ण गोयल बल्लु, प्रदीप गर्ग संतोष पाठक, नंदकुमारी राजवाड़े व अन्य स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं।

सेवा संकल्प अभियान में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री राजेश, सुनी समस्याएं

लखनपुर। जिले में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर पंचायत लखनपुर कार्यालय परिसर में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों के साथ लोगों से जुड़ी समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई। नगर पंचायत परिसर में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है और जन जन तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। भारतीय जनता पार्टी के केंद्र में सरकार बनने के बाद से और मोदी के 25 सालों में देश ने काफ़ी विकास किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया और भाजपा महामंत्री विनोद हर्ष ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित स्टॉल भी लगाये गए थे जहाँ लोगो ने अपनी समस्याएं और माँग के विषय में आवेदन दर्ज कराई। इस दौरान नगर पंचायत द्वारा 62 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास 2.0 के तहत स्वीकृति पत्र वितरित किया गया तथा नगर पंचायत अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता कर्मियों और मीतानीनों का साल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। अलग अलग स्टॉलों के माध्यम से लोगो को आयुष्मान,भूमि संबंधी बी वन खसरा जैसे दस्तावेज भी प्रदाय किए गए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, समीम खान,अमित बारी, सचिन बंसल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, दिनेश बारी सहित बड़ी संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।



विकास खंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में 40 संकुल के बच्चे हुए शामिल

बलरामपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकास खंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर को किया गया। विकास खंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में प्राथमिक,माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्तर के 40 संकुल से बच्चों ने अपने-अपने चित्रकला, भाषण का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओम प्रकाश जायसवाल ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष सुमित्रा सूर्यवंशी,जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी, नपा उपाध्यक्ष दिलीप सोनी,गौतम सिंह,श्रीमती अनीता मरकाम,श्रीमती शतरूपा सिंह, श्रीमती श्याम तिर्की,बिट्टू सिंह, विजय प्रताप सिंह, श्रीमती रजनी सोनी शामिल हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजू कनौजिया ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से एवं संकुल स्तर से चयनित बच्चे अपने-अपने प्रतिभा दिखाने के लिए विकासखंड स्तर पर उपस्थित हुए। चित्रकला के माध्यम से बच्चे विकसित भारत की परिकल्पना को बताएं चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छ एवं हरित ,भारत स्मार्ट शहर,उन्नत शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा अंतरिक्ष और रक्षक तकनीकी में आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर रंगों से उकेरी। विद्यार्थियों ने वर्ष 2047 में ऐसे भारत की कल्पना प्रस्तुत की जिसमें विज्ञान नवाचार और मानवी मूल्य का संगम दिखा भाषण प्रतियोगिता में आत्मनिर्भरता, सामाजिक समरसता, तकनीकी प्रगति आवश्यकता की भूमिका पर प्रभावशाली विचार रखें प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की चित्रकला एवं भाषण में चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर के लिए चिन्हित किया। मुख्य अतिथि जायसवाल द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान सुरेश सिंह, रविंद्र गुप्ता, विनय गुप्ता, संजय प्रजापति, जितेंद्र तिवारी, सुशील यादव सहित अन्य मौजूद रहे।



प्रतिभावान विद्यार्थियों को विधायक ने किया सम्मानित 10 विद्यार्थियों को प्रदान की गई प्रोत्साहन राशि

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया,प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह की मुख्य उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।विधायक ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया, इस दौरान, शिक्षक,छात्र छात्रायें, पालकगण व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थति रहे।



ये मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित- समारोह में शासकीय हाई स्कूल पसला की कलावती राजवाड़े, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर की कु.सायमा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के कृष्णा तिवारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरिया की खुशबू राजवाड़े एवं प्रकाश कुमार रवि, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर की दीपा साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी के नितेश कुमार, मिथिलेश एवं स्वाती राजवाड़े तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका के लवकेश कुमार को सम्मानित किया गया।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान में जनपद उपाध्यक्ष ने गिनाईं उपलब्धियां

सीतापुर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अनिल अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने पूरे प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। केंद्र सरकार की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अभियान की वजह से बेटियां पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना डिजिटल योजना ऑपरेशन कायाकल्प स्मार्ट क्लास समेत अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशें को लेकर कहा कि आज का युवा पीढ़ी बड़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है जो हम सबके लिए बड़ी चिंता का विषय है। जिस पर रोक लगाने के लिए पढ़ी लिखी बहन बेटियों को आगे आना पड़ेगा और इस पर कड़ाई से रोक लगानी होगी। कार्यक्रम को राजकुमार गुप्ता,नीरु मिस्त्री समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। अभियान के तहत विकास खंड स्तरीय कला प्रदर्शनी नुक्कड़ नाटक,भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को मुख्य अतिथि ने नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया। इस दौरान त्रिलोचन सदावर्ती, सुशील सिंह, प्रेमदान कुजूर, विवेक नामदेव, विक्की, भवानी सिंह, शंकर गुप्ता, अनमोल लकड़ा, नेमलाल गुप्ता, सतीश सिंह, रमेश सिंह, प्रेम गुप्ता, उमेश मिश्रा, पवन गुप्ता, सुशील मिश्रा, नीलम सोनी, गणेश यादव सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र उपस्थित थे।



अग्रसेन जयंती महोत्सव आज से, सेवा संस्कृति व उल्लास का होगा संगम

सूरजपुर। महाराजा अग्रसेन की 5150 वीं जयंती को लेकर अग्रवाल समाज में खासा उत्साह है। रविवार से अग्रोहा भवन में अग्रसेन सप्ताह का भव्य शुभारंभ उद्घाटन समारोह के साथ नगर के अग्रजो की उपस्थिति में दोपहर 1 से प्रारंभ होगा। सप्ताह भर चलने वाले इस महोत्सव में सेवा, संस्कृति, खेल, मनोरंजन, धार्मिक और सामाजिक एकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।



- 60 से अधिक स्पर्धा होंगी आयोजित

सभा के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, सचिव राजेश महलवाला, जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला मंडल की अध्यक्ष ममता अग्रवाल व नवयुवक समिति के अध्यक्ष गौरीश जिंदल ने बताया कि श्री अग्रवाल सभा की अगुवाई में अग्रोहा भवन को आयोजन का प्रमुख केंद्र है। महोत्सव के दौरान खेलकूद, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों सहित 60 से अधिक प्रतियोगिताएं और विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें अग्र कार्निवल, आनंद मेला, फैशन शो, केबीसी, प्रतिभा सम्मान, विरासत सम्मान समारोह, अग्र ओलंपिक, एपीएल क्रिकेट, खजाने की खोज, अंताक्षरी और म्यूजिकल हाउजी सहित अनेक व कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताएं शामिल हैं। समारोह में जयंती के दिन 18 गोत्रों की शोभायात्रा व अग्रसेन की सजीव यात्रा खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। अग्रसेन जयंती के मुख्य दिवस पर समाज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें अग्रवाल समाज के 18 गोत्रों की सहभागिता रहेगी। धुमाल बैंड, पारंपरिक शैला नृत्य के साथ अग्रसेन चौक में समस्त नगर वासियो के लिए शिव तांडव और आकर्षक झांकियों का आयोजन प्रमुख आकर्षण रहेंगा। आयोजन के माध्यम से समाज की परंपरा, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता को प्रदर्शित किया जाएगा। महोत्सव के समापन अवसर पर 10 अक्टूबर को अग्र प्रीतिभोज एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा।

ग्राम पंचायत जिरहुल के ग्रामीणों ने की तटबंध निर्माण की मांग

कुसमी। विकासखंड के ग्राम पंचायत जिरहुल के लेफुआटोली में ग्रामीणों ने नदी में तेज बहाव के कारण मिट्टी कटाव होने पर तटबंध निर्माण की मांग।



ग्राम पंचायत जिरहुल के ग्रामीणों ने बताया कि लेफुआटोली से आराकोना मार्ग से क्षेत्र के लोग आवागमन करते है। ऐसे में लोगों के आने जाने के लिए एक पुलिया एवं तटबंध निर्माण की अति आवश्यकता है। ग्रामीणों ने पुलिया एवं तटबंध निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक नदी में बाढ़ के समय तेज पानी आने से खेत तक की मिट्टी का कटाव प्रति वर्ष होते जा रहा है। जबकि 10 आदिवासी परिवार भी घर बनाकर आराकोना में निवास कर रहे है। अपने खेतों में खेती करने के लिए हमेशा इस मार्ग से सभी लोग लेफुआटोली से आरा कोना बरसात के मौसम में भी आते जाते रहते है। वर्तमान समय में नदी में तेज पानी के बहाव के चलते खेतों की मिट्टी का कटाव हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा लेफुआटोली से आरा कोना पौड़ी नदी के किनारे आवागमन करने वाले रास्ते में पुलिया एवं तटबंध निर्माण कराने की मांग की गई है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती सुखमतिया पति स्व. रघुनाथ उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी ग्राम-सलका, पोस्ट-डेडरी, तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरे पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम मगगली बाई (MANGALI BAI) दर्ज हैं जो कि गलत हैं। मैनें अपने पुत्री का नाम परिवर्तित कर उसके स्कुल मार्कशीट एंव जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार रजनी (RAJNI) रख लिया है। अब से मेरे पुत्री के परिवर्तित नाम रजनी (RAJNI) पिता श्री स्व. रघुनाथ के नाम से जाना पहचाना पुकारा एवं समस्त दस्तावेज में दर्ज किया जाये।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
श्रीमती सुखमतिया
पति स्व. रघुनाथ
निवासी- ग्राम सलका, पोस्ट-डेडरी, तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

आम सूचना फर्म पुनर्गठन

मेसर्स सौरभ कन्स्ट्रक्शन PAN NUMBER-AETF57-429E पंजाब गार्डन के पास वार्ड नं. 01 भगवानपुर अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) जो ज्ञान श्रुति जायसवाल के साथ संयुक्त फर्म के रूप में संचालित था जो दिनांक 01/10/2026 को स्वेच्छा से रिटायर हो गये हैं, उक्त फर्म में प्रेमलता चौधरी पति श्रवण कुमार को शामिल किया जा रहा है, अब उक्त फर्म प्रेमलता चौधरी व श्रवण कुमार द्वारा संचालित है।

भवदीय
सौरभ कन्स्ट्रक्शन
श्रवण कुमार
प्रोपराइटर
वार्ड नं.01, पंजाब गार्डन के पास मनेन्द्रगढ़ रोड, भगवानपुर खुर्द, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA













खबर संक्षेप

जलसा ए गौसुलवरा व सैयदना पाक कॉन्फ्रेंस का आज

अम्बिकापुर। गौसिया कमेटी ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि 9 बजे मदरसा फैजाने गोसुलवरा नवागढ़ आलमबाग में जलसा ए गौसुलवरा व सैयदना पाक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है । इस मौके पर मुफ्ती सैयद शाह असगर इमाम कादरी अमझर शरीफ काजी शहर औरंगाबाद बिहार, सैयद शाह अल्लामा अहमदुल कादरी अजहरी सरकार अमझर शरीफ औरंगाबाद, हजरत अल्लामा सैयद महमुदुल बगदादी अमझर शरीफ औरंगाबाद, मोहम्मद अरशद कादरी बनारसी व इरशाद कादरी बनारसी उपस्थित रहेंगे। गौसिया कमेटी के सदर और सभी सदस्य के द्वारा यह प्रोग्राम किया जा रहा है।

इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम



अम्बिकापुर। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रेड रिबन क्लब एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान, अंगदान संकल्प, नशामुक्ति एवं एचआईवी जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम हुए। अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत डिगमा में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को एचआईवी के कारण, संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता समाज के स्वस्थ एवं सशक्त भविष्य की आधारशिला है। उन्होने अंगदान संकल्प की शपथ दिलायी। रक्तदान शिविर में छात्रों ने कुल 22 यूनिट रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक एवं चिकित्सा दल द्वारा रक्तदान के महत्व तथा रक्तदान से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में डॉ.प्रियांशा सिन्हा, डॉ.शारदा देवी भगत, श्रीमती अंजुला गौतम मिश्रा, आर्यन सिन्हा एवं श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव उपस्थित थे। समन्वयक महीधर दुबे ने एचआईवी के कारणों, संक्रमण के माध्यम तथा बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

शिविर में 108 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन



अम्बिकापुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में शनिवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशिबाला जायसवाल की उपस्थिति में अधिकारियों द्वारा स्वर्णप्राशन, संतुलित आहार, सुपोषण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.दीपा साहू ने 108 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया। डॉ.पवन कुमार गुप्ता ने 112 लोगों को सुपोषण की जानकारी दी। डॉ.सीमा मेहरा द्वारा श्रीअन्न की प्रदर्शनी लगाकर उसके लाभ के बारे में बताया गया। डॉ.विनोद सिंह पैकरा ने किया।

स्वर्गीय राम साय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ



कुसमी। हाई स्कूल खेल मैदान में जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज की मुख्य आतिथ्य में स्वर्गीय राम साय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में 54 टीमों ने हिस्सा लिया है। 3 अक्टूबर को मदगुरी एवं धनेशपुर के शुभारंभ मैच खेला गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ मैच में ही बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस दौरान जन्मजय सिंह, राकेश भारती, माधुरी लकड़ा, मो शमीम, दिलीप गुप्ता, इंद्र देव निकुंज, पारस पाल, सीजे प्रजापति, दीपक सिन्हा, धीरेन्द्र सिंह, संदीप भगत, बृजकिशोर भगत, धर्म जीत सहित अन्य मौजूद रहे।

विस स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में डोरा सुपर टाइगर, गड़गोड़ी महावीरगंज व बलरामपुर किंग्स ने जीता मैच



रामानुजगंज। स्वर्गीय सूर्य प्रकाश नेताम स्मृति दीन-हीन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित रामानुजगंज विधानसभा स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंतर्गत मंडल स्तरीय चयनित खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबला खेला गया। पहला मुकाबला धनपुरी और डोरा सुपर टाइगर के बीच खेला गया जिसमें डोरा सुपर टाइगर विजयी रही। दूसरा मुकाबला डोरा रॉयल और गड़गोड़ी महावीरगंज के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित समय तक दोनों टीमे बराबरी पर रहे। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें गड़गोड़ी महावीरगंज ने 2–1 से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला बलरामपुर किंग्स और चेरवाडीह सनावल के बीच खेला गया जिसमें बलरामपुर किंग्स ने 6 गोल से शानदार जीत हासिल की।

बिना अनुमति तस्करों ने काट दिए आम के फलदार पेड़

क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध रूप से लकड़ी कटाई कर उसे पड़ोसी राज्यों में खपाने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। बारिश थमते ही अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर एक बार फिर क्षेत्र में सक्रिय हो गए है जो बिना अनुमति फलदार वृक्ष आम के विशालकाय पेड़ो को काट डाला। फल के साथ लोगों को कड़ी धूप में छत्रछाया देने वाले विशाल आम के पेड़ों की कटाई से लोग आक्रोशित है। क्षेत्र के लोगों ने अवैध कटाई के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए संबंधित अधिकारियों से पेड़ो की कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

खास बात
- ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

विदित हो कि क्षेत्र में लंबे समय से उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों से आने वाले अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों का बोलबाला है। लकड़ी तस्कर स्थानीय लोगों के साथ सांठगांठ कर भोलेभाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लेकर उनकी जमीन में लगे पेड़ो का औने पौने दामों में सौदा करते हैं। जिसके बाद पेड़ो की कटाई कर उसे यूपी, बिहार, बंगाल जैसे राज्यों में ले जाकर ऊंचे दामों में खपाते हुए मोटी कमाई करते हैं। मोटी कमाई का जरिया बन चुके लकड़ी के इस अवैध कारोबार में तस्करों का के गैंग क्षेत्र में सक्रिय हैं।जो घूम घूम कर लकड़ी की अवैध कटाई कर रहे हैं और उसे चोरी छिपे बाहर ले जाकर खपा रहे है। लकड़ी की खरीदी-बिक्री एवं कटाई ढुलाई के लिए शासन प्रशासन द्वारा कुछ नियम बनाये गए हैं। जिसके तहत एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर अनुमति प्राप्त करना होता है और अनुमति के बाद साल में केवल दस पेड़ काटने होते हैं। इस नियम के तहत लकड़ी तस्कर के इशारे पर किसान अपनी मजबूरी बताकर पेड़ कटाई की अनुमति पा लेते है। वैधानिक अनुमति मिलते ही लकड़ी तस्कर सारे नियमों को ताक पर रखकर दस पेड़ की जगह एक बार में ही सैकड़ो पेडों की कटाई कर डालते हैं। एक बार अनुमति मिल गई तो फिर दोबारा लेने की जरूरत नहीं पड़ती उसी अनुमति के साथ छेड़छाड़ कर पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी रहता है। बीते दिनों में क्षेत्र में पेड़ो की अवैध कटाई का आलम ये है कि कई गांवों में पेड़ पौधों के जो बगीचे हुआ करते थे वो अब पूरी तरह गायब हो गए। लकड़ी तस्करों ने स्थानीय लोगों को अपने पाले में लेते हुए पूरे का पूरा पेडों का बगीचा साफ कर दिया। बारिश के दौरान क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई की गतिविधियां काफी हद तक कम हो गई थी। लेकिन बारिश थमते ही अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों ने वापसी करते हुए क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई का काम शुरू कर दिया है। इस बार तस्करों ने मैनपाट के तराई गांव राजापुर से पेंट जाने वाली मेन रोड के किनारे लगे फलदार वृक्ष आम के विशालकाय पेड़ों को काट डाला। सूत्रों के अनुसार इसके लिए शासन प्रशासन से कोई वैध अनुमति नहीं ली गई थी। बगैर अनुमति के ही लकड़ी तस्करों ने अपने मंसूबों को अंजाम देते हुए आम के पेड़ो को काट डाला।इस बात की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और उन्होंने इसके विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए पेड़ो की अवैध कटाई की जांच एवं इसमे शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



काटे गए आम के पेड़।

पंचनामा के बाद लकड़ी को बीटगार्ड के हवाले

फलदार पेड़ आम की अवैध कटाई के विरुद्ध ग्रामीणों का आक्रोश एवं विरोध के बीच कार्रवाई करने हल्का पटवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद सरपंच उपसरपंच एवं ग्रामीणों के बीच पंचनामा तैयार कर बिना अनुमति काटी गई लकड़ी को वन विभाग के बीटगार्ड के हवाले कर दिया। अब इसमें देखने वाली बात ये है कि संबंधित विभागों के अधिकारी इस अवैध कटाई के विरुद्ध क्या कार्रवाई करते हैं।

नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

बिना अनुमति पेड़ो की कटाई करना गलत है। इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
-ऐश्वर्य चंद्राकर, एसडीओ फारेस्ट



तेजस्विनी राजमोहिनी देवी युवती सम्मेलन नगर में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा तेजस्विनी राजमोहिनी देवी युवती सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, परिषद वक्ता हेमपुष्पा भगत तथा विशिष्ट अतिथि सेविका समिति जिला कार्यवाहिका, कांसाबेल श्रीमती बैजन्ती सिंह उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य युवतियों को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त बनाने के साथ उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर छात्राओं के लिए डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आत्मरक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष सत्र आयोजित कर छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा आवश्यक सावधानियों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा प्रदर्शित करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस आयोजन के माध्यम से युवतियों को अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं क्षमता को पहचानने तथा समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

जनसमस्या निवारण एवं योजना शिविर में अलखडीहा सहित 15 ग्राम के ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार, जनसमस्या निवारण एवं योजना शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलखडीहा में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में अलखडीहा सहित 15 ग्राम के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में अलखडीहा, परती, लदकुड़, महंगई, कौडू, बाड़ीचलगली, झिंगों, उफिया, जिगड़ी, उलिया, पहाड़खडुवा, डांडखडुवा, महुडांड, बासेन और माकड़ के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में ग्रामीणों की ओर से कुल 15 मांग एवं शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों के निराकरण की प्रक्रिया शुरू की तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल की। शिविर में ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमिक एवं किसान हितैषी योजनाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं, आयुष्मान कार्ड, आवास, मनरेगा, कृषि एवं पशुपालन सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई। शिविर में जनपद पंचायत के सीईओ संजय दुबे, तहसीलदार प्रतीक जायसवाल, तहसीलदार नरेंद्र कंवर, एसडीओ आरईएस जानू राम सोनवानी, वन विभाग के रेंजर अजय वर्मा, जिला सदस्य रवि प्रताप मरावी, उदय यादव, जगवंशी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पहली बार कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर होगी संभागस्तरीय रामचरितमानस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विजयादशमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरूवार को सरगुजा सेवा समिति एवं नागरिक समिति की बैठक हुई।

- सरगुजा सेवा समिति एवं नागरिक समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

बैठक में सर्वसम्मति से कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर संभाग स्तरीय मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में होती थी। सभागार में कम जगह होने के कारण कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मानस गायन प्रतियोगिता, महिला मनास मंडलियों की स्वतंत्र संभाग स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। पुरूष मंडलियों के साथ संभाग स्तरीय महिला मानस प्रतियोगिता पृथक से आयोजित होगी तथा दोनों वर्गों में श्रेष्ठ मंडलियों का चयन कर प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महिला मंडली का प्रथम पुरस्कार 11000 रूपए महापौर श्रीमती मंजूषा भगत तथा पुरूष मंडली का प्रथम पुरस्कार नरेन्द्र सिंह टुटेजा के सौजन्य से दिया जाएगा। शैला एवं सुगा लोकनृत्य की संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं भी अलग-अलग होंगी तथा दोनों ही विधाओं के नर्तल दलों को अलग-अलग प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बैठक में समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि विजयादशमी का पर्व संपूर्ण सरगुजा अंचल की सांस्कृतिक अस्मिता, अगाध जन-आस्था और सनातन गौरव का प्रतीक है। हम सभी को पूर्ण निष्ठा, नए उत्साह और एकजुटता के साथ आगे बढ़ना है ताकि महोत्सव को भव्य एवं व्यापक स्वरूप प्रदान किया जा सके। नागरिक समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि दशहरा आयोजन हेतु नागरिक समिति और सरगुजा सेवा समिति के मध्य यह संगठनात्मक एकता और आपसी तालमेल ही इस विराज आयोजन की वास्तविक शक्ति है। समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि इस बार विजयादशमी के अवसर पर खुले मंच पर मानस गायन व पारंपरिक लोकनृत्यों का संभाग स्तरीय समागम हमारी संगठनात्मक शक्ति को सुदृढ़ करेगा। भारत सिंह सिसोदिया तथा नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान सत्येंद्र तिवारी, दीपक सोनी, राजेश कश्यप, पापिन्दर सिंह, पीयूष कुमार त्रिपाठी, दुर्गेश गुप्ता, श्रीमती अरूणा सिंह, अरविंद सिंघानिया, श्रीमती शकुंतला पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, आकाश गुप्ता, प्रयागराज साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



विशेष ग्राम सभा में स्वच्छता का सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 3 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सरपंच, उप सरपंच, सचिव, पंच, अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ गांव को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने को लेकर सामूहिक संकल्प लिया गया।

- खुले में मवेशी छोड़ने पर जुर्माने का प्रस्ताव



राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जारी संकल्प प्रारूप के अनुसार ग्राम सभा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के पालन, कचरे के उचित निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया। ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में सहयोग करने की बात कही। ग्राम सभा में घरों और संस्थानों से निकलने वाले कचरे को गीला, सूखा, सेनेटरी तथा विशेष देखभाल वाले कचरे में अलग-अलग रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। खुले में कचरा फेंकने और कचरा जलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने का संकल्प लिया गया। ग्राम पंचायत द्वारा संचालित सेग्रीगेशन शेड, कंपोस्ट पिट, कचरा संग्रहण वाहन और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था के संचालन एवं रख-रखाव में ग्रामीणों से सहयोग करने की बात कही। घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए पंचायत द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने पर भी जोर दिया गया।

सड़क पर मवेशी छोड़ने वालों पर जुर्माने का प्रस्ताव

विशेष ग्राम सभा में सड़कों पर खुले में मवेशी छोड़ने की समस्या को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़कों पर आवारा अथवा खुले छोड़े गए मवेशियों के कारण आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मवेशियों द्वारा खेतों में प्रवेश करने से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचने की समस्या भी सामने आती है। ग्राम सभा में खुले में मवेशी छोड़ने वाले पशु मालिकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए मवेशियों की पहचान चिन्हांकन कर मवेशी मालिकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई का प्रावधान करने का प्रस्ताव रखा गया। पंचायत स्तर पर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि सड़कों पर मवेशियों के विचरण और उससे होने वाली दुर्घटनाओं तथा फसल नुकसान की समस्या पर अंकुश लगाया जा सके।

हर पात्र नागरिक का नाम सूची में हो, इस लक्ष्य को पूरा करने मे जिलेवासी बने सहभागी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत जिले में मतदाता सूची से छूटे नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता पंजीयन एक सतत प्रक्रिया है। जिन पात्र व्यक्तियों के नाम अब तक दर्ज नहीं हुए हैं या किसी कारणवश सूची से हट गए हैं, वे किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं। अभियान का उद्देश्य ऐसे नागरिकों की पहचान कर उन्हें पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराना है। अभियान अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी वर्तमान मतदाता सूची का एसआईआर पूर्व की सूची से मिलान कर उन मतदाताओं की सूची तैयार करेंगे, जिनके नाम पहले दर्ज थे किंतु अब शामिल नहीं हैं। बीएलओ घर-घर जाकर इनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन करेंगे और पात्र पाए जाने पर फॉर्म-6 भरवाएंगे। प्रत्येक बीएलओ सप्ताह में कम से कम 20 से 25 मतदाताओं से संपर्क करेगा, जिससे यह कार्य लगभग एक माह में पूर्ण हो सके। भ्रमण के दौरान नए युवा मतदाताओं का पंजीयन भी कराया जाएगा। बूथ स्तर पर शिविरों के साथ रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों तथा बेघर एवं वंचित वर्गों के लिए विशेष शिविर भी आयोजित होंगे।

संत गहिरा गुरु विवि परिसर में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

अम्बिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ-सफाई की तथा कचरे का उचित संकलन एवं निस्तारण करते हुए स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया। उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। कुलपति राजेंद्र लाकपाले ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर अपनाई जाने वाली जीवनशैली है।



अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हाथी, बढ़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शावक की करंट से मौत होने के बाद उदयपुर जंगल में भ्रमण कर रहा हाथियों का दल काफी आक्रामक हो गया है। शाम ढलने के बाद हाथी 7-8 दलों में विभक्त होकर अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच जा रहे हैं जिससे क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है।

उदयपुर जंगल में पिछले दो महीनों से हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। दो दिन पूर्व करंट से एक शावक की मौत होने के बाद हाथी काफी आक्रामक हो गए हैं जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। शाम ढलते ही करमकटरा जंगल से निकलने के बाद भोजन की तलाश में हाथी अलग-अलग दलों बंटकर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच जा रहे हैं। हाथी कभी पांच दलों में तो कभी 8 दलों में बंट जा रहे हैं। बीती रात 27 हाथी 7 दलों में बंटकर अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच गए थे। दल का एक दंतैल ब्लॉक मुख्यालय उदयपुर से सटे अलकापुरी जंगल में पहुंच गया था। धान की फसल तबाह करने के बाद दंतैल एनएच 130 पर पहुंच गया। वनकर्मियों के कड़ी मशक्कत के बाद दोनों ओर से वाहनों का आवागमन रोका तथा दंतैल को जंगल की ओर खदेड़ा। इस दौरान हाथियों का अलग-अलग दल ग्राम महेशपुर, जजगा, घुईडीह, रामनगर, पतरापारा, जगन्नाथपुर एवं ससकालो में मौजूद था। हाथियों ने पूरी रात धान की फसल को रौंदते रहे। बीती रात हाथियों ने 10 किमी वर्ग किसी क्षेत्र में भ्रमण कर दर्जनों किसानों की धान की फसल को तबाह किया। रात में हाथियों के अलग-अलग दलों में बंटने से स्थिति चुनौतीपूर्ण बन गई है। वनकर्मियों की अलग-अलग टीमें पूरी रात विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों की निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की सूचना देते रहे। वन अमले द्वारा लगातार समझाइश देने के बावजूद अपनी फसल को बचाने के उद्देश्य से ग्रामीण हाथियों को खदेड़ने की कोशिश कर रहे हैं जिससे हाथियों द्वारा हमला करने की संभावना बढ़ गई है। दल के करमकटरा जंगल में पहुंचने के बाद पिछले आठ दिनों से हाथी लगातार उदयपुर से सटे अलकपापुरी जंगल में पहुंच रहे है। गनीमत है कि हाथी गजराज वाहन के उपयोग से वापस करमकटरा जंगल में पहुंच जा रहे हैं। हाथी अलकापुरी जंगल को अपना रहवास बनाए तो विभाग की समस्या बढ़ जाएगी। हाथियों के प्रायः हर दिन एनएच 130 के निकट पहुंचने के कारण वन अधिकारी बिलासपुर मार्ग से रात में सफर करने वाले यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। करंट से शावक की मौत होने के मामले में विभाग ने आरोपी आशीष एक्का एवं राजीव एक्का को जेल दाखिल कर दिया है।



इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि हाथियों की निगरानी के लिए 7 दलों का गठन किया गया है। फसल क्षति का भी आंकलन किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा आज, जिले में बनाए गए 75 केंद्र

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट 2026) का आयोजन 4 अक्टूबर को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 75 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 19 हजार 255 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगी। परीक्षा को सुचारू, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग (सुरक्षा जांच) के लिए एक पुरुष एवं एक महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग केवल महिला पुलिसकर्मी द्वारा की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से कम से कम दो घंटे पहले अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचने की सलाह दी गई है।

सेमी घोघरा जंगल में शव दफन करने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर अंतर्गत सेमी घोघरा जंगल में संदिग्ध रूप से गड्ढा खोदकर शव दफन किए जाने बात सामने आई है। बकरी चराने गए बच्चों ने कुछ लोगों को बोलेरो वाहन से आकर गड्ढा 5 फीट का गड्ढा खोदने और कुछ दफन करते हुए देखा था। मौके पर सफेद कपड़ा भी पड़ा मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। रविवार को दंडाधिकारी की मौजूदगी में गड्ढे को खोदकर देखा जाएगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार को बच्चे उदयपुर के सानी बर्रा घोघरा जंगल में बकरी चराने गए हुए थे। इस दौरान लोगों ने देखा कि दोपहर में एक सफेद रंग की बोलेरो आकर खड़ी हुई और दो लोग फावड़ा लेकर नीचे उतरे गड्ढा खोदते देखा। बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी लेकिन ग्रामीणों ने छुई मिट्टी खोदने की बात सोंचकर इसे गंभीरता से नहीं लिया। इस बीच शुक्रवार को सेमी घोघा निवासी नापन पंडो खुखड़ी बिनने जंगल गया गया था जहां उसने पांच फीट का गड्ढा खोदा हुआ देखा। इसके साथ ही वहां पर सफ़ेद कपड़ा भी पड़ा हुआ था। गड्ढे का आकर और सफेद कपड़ा देखने के बाद लोगों को जंगल में शव दफन किए जाने की आशंका है।



रेण नदी में चल रहे अवैध उत्खनन की एक भयावह तस्वीर।

उदयपुर की रेंड नदी में माफियाओं नजर

प्रतिबंध के बाद भी चल रहा नदियों से अवैध रेत उत्खनन का करोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रतिबंध के बाद भी सरगुजा की नदियों से रेत उत्खनन का कार्य थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनजीटी के निर्देश के बाद भी नियमों की धज्जियां उड़ाकर नदियों का सीना छलनी करने का काम किया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि एक तरफ अधिकारी सख्ती और कड़ी कार्रवाई की बात करते है लेकिन दूसरी तरफ नदियों से रेत निकालने और तस्करी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। नदियों में किस कदर उत्खनन चल रहा है इसका अंदाजा इस तस्वीर से लगाया जा सकता है।

खास बात

- बेखौफ होकर कर रहे उत्खनन और परिवहन

बता दें कि सरगुजा में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिले में माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर नदियों से बालू निकाला जा रहा है जबकि वर्तमान में एनजीटी के नियमानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत के उत्खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया गया है। जिले से लगे कोरिया में भी हुआ खुनी संघर्ष रेत उत्खनन से ही जुड़ा हुआ था और इसके बाद शासन प्रशासन ने रेत के अवैध उत्खनन पर सख्ती बरतने के दावे किए और केन्द्रीय उड़न दस्ता टीम के साथ ही स्थानीय स्तर पर खनिज विभाग की टीम द्वारा ड्रोन सर्वे, कार्रवाई की बात की गई लेकिन वर्तमान में कार्रवाई का खौफ रेत तस्करों से समाप्त हो चुका है। तस्कर बेखौफ होकर सरगुजा जिले की विभिन्न नदियों से रेत निकाल रहे है। वर्तमान में ताजा मामला जिले के उदयपुर विकासखंड का सामने आया है। उदयपुर स्थित रेंड नदी से तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर रेत निकाला जा रहा है। सुबह पांच बजे से लेकर रात के आठ बजे तक नदी में बड़ी बड़ी मशीनें लगाकर रेत निकाला जा रहा है और इसके बाद उसकी तस्करी की जा रही है। जब वर्तमान में रेत उत्खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध है तो फिर किसकी शह पर पूरा खेल चल रहा है।

हो रही दो से तीन सौ रूपए की वसूली

रेंड नदी से अवैध उत्खनन का कार्य तो चल ही रहा है इसके साथ ही यहाँ अवैध वसूली भी चल रही है। आरोप है कि कुछ प्रभाव शाली लोगों द्वारा प्रति गाड़ी दो से तीन सौ रूपए की वसूली की जा रही है। उक्त राशि को रॉयल्टी टैक्स बताकर लिया जाता है। लेकिन सवाल ये है कि अगर वसूली हो रही है, तो पैसा किसके पास जा रहा है। क्या इसकी कोई आधिकारिक रसीद है, और क्या इस रकम के आधार पर अवैध उत्खनन को वैध बनाया जा सकता है। चल रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के पीछे क्षेत्र के कुछ बड़े भाजपा नेताओं का नाम भी सामने आया। ग्रामीणों ने बताया कि रेत उत्खनन और परिवहन कार्य में एक भाजपा नेता की गाड़ी भी लगी हुई है।

सिर्फ इन खदानों को ही स्वीकृति

सबसे बड़ी बात यह है कि सरगुजा में सिर्फ तीन रेत खदानों की ही स्वीकृति है। वर्तमान में जिले के प्रतापगढ़, जजगा और मोहनपुर खदान से ही रेत निकालने का टेंडर हुआ था जबकि माफिया सरगुजा के सभी नदियों से बेखौफ होकर रेत निकाल रहे है। वही दूसरी ओर खनिज विभाग की बात की जाए तो उनके द्वारा समय समय पर रेत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर वाहनों को पकड़ा जाता है लेकिन जुर्माना की रकम जमा करने के बाद वे फिर से उसी कारोबार में लिप्त हो जाते है।

की जाएगी कार्रवाई

जिले में अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई नियमित रूप से जारी है। उदयपुर क्षेत्र में भी हाल ही में तीन से चार गाडियां जब्त की गई थी। टीम को फिर से भेजा गया था लेकिन वे भाग गए। सूचना पर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. मनोज कुमार
प्रभारी जिला खनिज अधिकारी



नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई 9 माह में 1001 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

शराब के नशे में वाहन चलाकर सड़क पर खुद के साथ दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई की है। वर्ष के प्रथम नौ माह में पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वाले 1001 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए। इन मामलों में न्यायालय के माध्यम से कुल 1 करोड़ 13 लाख 15 हजार 400 रुपये समन शुल्क वसूला गया।

- वसूले 1 करोड़ 13 लाख 15 हजार 400 रुपये समन शुल्क
- 144 चालकों के लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित

पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जिले में अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है। जांच के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर संबंधित चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान 251 वाहन चालकों के लाइसेंस जब्त किए गए। इनमें से 144 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दंडित करना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।



पुत्र की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा 24 घंटे का निर्जला उपवास, पुत्रों की लंबी आयु के लिए कामना की

सीतापुर। संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा जाने वाला आस्था का महापर्व जीवित्पुत्रिका पर्व नगर समेत क्षेत्र में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने संतानों की लंबी उम्र सुख समृद्धि के लिए 24 घंटे का बेहद कठिन निर्जला व्रत रखा। पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को दुर्गा पंडाल शिवालय एवं घरों में इकट्ठा होकर कुश से बने भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना के बाद जितिया व्रत की पौराणिक कथा सुनी। इस अवसर पर कई जगहों पर महिलाओं ने लोकगीत गाकर संतान के सुखी जीवन की कामना की। तीन दिनों तक चलता है यह महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ जितिया का यह महापर्व शुरू हुआ

सरगुजा ओलंपिक के तहत विकासखण्ड में खेल स्पर्धाएं 5 से

अम्बिकापुर। सरगुजा ओलंपिक 2026-27 अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर को अम्बिकापुर विकासखण्ड में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 अक्टूबर को महिला वर्ग तथा 6 अक्टूबर को पुरुष वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। महिला एवं पुरुष वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पीजी कॉलेज ग्राउंड एवं गांधी स्टेडियम, अम्बिकापुर खेल प्रांगण में किया जाएगा। वहीं पुरुष वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता सेन्ट जेवियर स्कूल, नवापारा अम्बिकापुर के खेल मैदान में आयोजित होगी।

सवा चार करोड़ से अधिक की गांजा बरामदगी मामले में फरार आरोपी कटनी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर पुलिस ने 4.24 करोड़ रुपये कीमत के गांजा बरामदगी मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को मध्यप्रदेश के कटनी जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरसेन धुर्वे पवार (पारधी), उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सिनगौड़ी फुटहा टोला खिरवा, थाना विजयराघवगढ़, जिला कटनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामले में पूर्व में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर 848 किलो 650 ग्राम गांजा, 478 नग झाड़ू और गांजा परिवहन में प्रयुक्त नीलम सवारी बस जब्त की जा चुकी है।

- सवारी बस से 848 किलो 650 ग्राम गांजा की हुई थी बरामदगी, मामले में अब तक 8 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार



पुलिस के अनुसार 4 जून 2026 को सूचना मिली थी कि अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ की ओर जा रही नीलम बस क्रमांक सीजी 15 ईएच 4301 में कुछ महिला-पुरुष बोरी और कपड़े में बंधी गठरियों में गांजा रखकर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने सिलफिली के पास बस को रोककर तलाशी ली, बस की सीटों और स्लीपर सीटों में रखी 53 बोरियों व कपड़े की गठरियों से कुल 848 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। गठरियों के ऊपर झाड़ू भी बांधकर रखे गए थे। मामले में पुलिस ने गोल झरनी, उनर बाई, रूजीना, अटरिया, अन्टबाई, पेहरी बाई और बस चालक छोटन राम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 24 अगस्त को कटनी निवासी जाजोन सिंह को भी गिरफ्तार किया गया,मामले में धारा 20(बी)(II)(सी) व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी अरसेन धुर्वे पवार थाना बरही, जिला कटनी में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में जिला जेल कटनी में बंद था और हाल ही में जेल से रिहा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर जयनगर पुलिस ने उसे जिला जेल कटनी के पास से पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि मई-जून में वह ग्राम खिरहनी की पारधी बस्ती में गया था और वहां के लोगों को ओडिशा चलने तथा झाड़ू फैक्टरी से झाड़ू लाने के बदले प्रत्येक को पांच से दस हजार रुपये देने की बात कही थी,इसके बाद लोगों को पिकअप से कटनी लाया गया और ट्रेन से बिलासपुर होते हुए राउरकेला, ओडिशा ले जाया गया,वहां से झाड़ू और गांजा पिकअप वाहन में लादकर अंबिकापुर लाया गया। कालीघाट के पास झाड़ू और गांजा की गठरियां उतारकर सभी को अपने-अपने पास रखने के लिए कहा गया। इसके बाद अंबिकापुर बस स्टैंड में एजेंट के माध्यम से नीलम बस को विजयराघवगढ़, मध्यप्रदेश जाने के लिए बुक किया गया। सभी आरोपी झाड़ू और गांजा की गठरियां लेकर बस में सवार हुए, लेकिन सिलफिली के पास पुलिस ने बस को रोककर गांजा बरामद कर लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जयनगर अमित गुप्ता, एसआई सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक रजिन्दर एक्का तथा आरक्षक जितेन्द्र साहू और हरि सिंह सक्रिय रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाहूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरीशंकर सिंह
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी. कुमार
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड बैंक 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
सभी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सुप्रसिद्ध ब्रेन एनिमोशाफी एवं रेडियोलाजस्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन
सुप्रसिद्ध मनोरोग,क्रयानुष्ठिय व जेक्सोफोनिस विशेषज्ञ डॉ.निशांत कुमार साहू
04 अक्टूबर 2026, माह के पहले रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन 22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166